बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 03 / 04–भू0अ0नि0(संविदा आरोप)नालंदा–04 / 2024 1655 पटना, दिनांक :– 05/04/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 262–। दिनांक 05.09.2023 द्वारा सुश्री प्रिया कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01216) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि निदेशालय पत्रांक 10417 दिनांक 05.08.2020 द्वारा पदस्थापन के पश्चात् सुश्री प्रिया द्वारा बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा में योगदान नहीं किया गया है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1219 दिनांक 05.03.2024 द्वारा सुश्री प्रिया से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के विरूद्ध 03 दिनों के अन्दर इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण की मांग की गयी है कि निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा। इतने स्पष्ट निदेश के बावजूद भी इनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो वरीय पदाधिकारी के निदेश के अवहेलना का परिचायक है।

सुश्री प्रिया द्वारा दिनांक 09.07.2020 को निदेशालय में योगदान दिया गया है, जिसके पश्चात् निदेशालय आदेश संख्या 10417 दिनांक 05.08.2020 द्वारा इनका पदस्थापन बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा में किया गया है, परन्तु इनके द्वारा अपने कर्त्तव्य स्थल पर योगदान नहीं किया गया है और न ही इनके द्वारा कभी भी निदेशालय अथवा पदस्थापित कार्यालय को योगदान नहीं किए जाने के संबंध में कोई सूचना दी गयी है। इसके बावजूद भी नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, परन्तु इनके द्वारा कोई प्रतिउत्तर नहीं दिए जाने से स्पष्ट है कि ये अपने कर्त्तव्य के प्रति उदासीन एवं लापरवाह हैं तथा कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं। ऐसी स्थिति में इनका संविदा नियोजन बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022 के नियम 8(4) के आलोक में सुश्री प्रिया कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01216) का संविदा नियोजन दिनांक 05.08.2020 से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 5/4/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 04–भू0अ0नि0(संविदा आरोप)नालंदा–04 / 2024 1655 **पटना, दिनांक** :– 05/04/2024

प्रतिलिपि :– सुश्री प्रिया कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN01216), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 04–भू0अ0नि0(संविदा आरोप)नालंदा–04 / 2024 1655 **पटना, दिनांक** :– 05/04/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 04–भू0अ0नि0(संविदा आरोप)नालंदा–04 / 2024 1655 **पटना, दिनांक** :– 05/04/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/4/24

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप